मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-480
**28/09/2025**

# मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में 1585 करोड़ रुपये की 185 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- पेंशनधारियों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद।

पटना, 28 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज जिले के सबेया एयर फील्ड परिसर से 1585.59 करोड़ रुपये की लागत की कुल 185 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 1295.85 करोड़ रूपये की लागत की 124 योजनाओं का शिलान्यास तथा 289.74 करोड़ रूपये लागत की 61 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इनमें प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अंतर्गत 131.38 करोड़ रुपये की लागत से मीरगंज बाईपास में 3.18 कि0मी0 (2–लेन) रेल ऊपरी पुल–सह–पुल/पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य, 30.75 करोड़ रुपये की लागत से थावे मंदिर के सम्पर्क मुख्य पथ, आन्तरिक पथ सहित अन्य उन्नयन कार्य, 126.54 करोड़ रुपये की लागत से 2–लेन पक्का सोल्डर सहित एन0एच0–27 से एन0एच0 531 तक (कुल लम्बाई–12.600 कि0मी0) गोपालगंज बाईपास पथ का निर्माण कार्य, 90.34 करोड़ रुपये की लागत से कटैया औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल के विजयीपुर देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाईपास पथ (कुल लम्बाई–5.75 कि0मी0) का निर्माण कार्य सहित अन्य कुल 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सतत् जीविकोपार्जन योजना शुरू करने, स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने,` विकास मित्रों का परिवहन भत्ता एवं स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुरू करने, किसान सलाहकारों का मासिक मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने, रसोइयों का मासिक मानदेय 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये करने, गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये करने, कलाकार पेंशन योजना के तहत कलाकारों को 3 हजार रुपये पेंशन देने, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, लेखापाल सह आई0टी0 सहायक का मानदेय 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का मार्जिन मनी 90 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 137 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री देने से लोगों को काफी राहत मिली है। इसके साथ ही समस्त ग्रामीण आवास सहायकों का मानदेय 16540 रुपये से बढ़ाकर 19675 रुपये करने, आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने, स्वच्छता पर्यवेक्षकों का मानदेय 7500 रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने, सहायक जीविका कैडरों के मानदेय में दो गुनी वृद्धि करने से सभी लाभुक काफी प्रसन्न हैं। इससे हमारा मनोबल बढ़ा है। इन फैसलों से हम सब की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री भैया के आशीर्वाद से सभी जीविका दीदियां आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करने,

महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन की राशि में 3 गुनी बढ़ोतरी किए जाने से परिवार में हमारा मान बढ़ा है तथा इससे हमारी इच्छा शक्ति भी मजबूत हुई है। बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू होने से समाज में शांति का वातावरण कायम है। पंचायतों में सामुदायिक विवाह मंडप बनाए जाने का फैसला काफी सराहनीय है। इससे गरीब परिवारों को काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि हम आप सभी जीविका दीदियों को बधाई देते हैं। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया और इसका नाम जीविका दिया। इससे जुड़ी महिलाएं जीविका दीदियां कहलाती हैं। सरकार सभी तबकों के उत्थान के लिए हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। किसान सलाहकारों का काम भी प्रशंसनीय है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और सरकार के प्रयास से बिहार नए उच्चाई को हासिल करेगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, गन्ना उद्योग मंत्री सह गोपालगंज जिला के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन पासवान, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, सांसद डॉ0 आलोक कुमार सुमन, विधायक श्रीमति कुसुम देवी, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, विधान पार्षद श्री राजीव कुमार, पूर्व विधायक श्री मंजीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री राजीव रौशन, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री निलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री पवन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******